| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| CNR | : | MP17060003632026 | Date of Filing | : | 24-02-2026 |
| Case No. | : | RCS A/75/2026 | Date of Registration | : | 25-03-2026 |
| Plaintiff Name | : | Matadeen pandey | Defendent Name | : | krishnalal pandey |
| Petitioner Advocate | : | HARIHAR PRASAD MISHRA sirmaur | Respondent Advocate | : | |

09-05-2026

प्रकरण आज नेशनल लोक अदालत में इस खण्डपीठ क्र. 40 के समक्ष पेश

वादी द्वारा अधिवक्ता श्री हरिहर मिश्रा उपस्थित।

प्रकरण आवेदन अंतर्गत आदेश 23 नियम 1 सी0पी0सी0 पर आदेश हेतु नियत है।

इसी प्रक्रम पर प्रस्तुत राजीनामा आवेदन अन्तर्गत आदेश 23 नियम 01 सी0पी0सी0 पर विचार किया गया । उक्त आवेदन इस आशय का है कि प्रकरण में वादी व प्रतिवादी के मध्य न्यायालय के बाहर समझौता हो जाने से उनके मध्य वादग्रस्त भूमि के संबंध विवाद समाप्त हो गया जिस कारण वादी वाद समाप्त कराना चाहता है। अतः आवेदक ने प्रकरण समाप्त करते हुये वापस लिये जाने का निवेदन किया है। आवेदक की पहचान के संबंध में उसका आधार कार्ड की प्रति संलग्न हैं। इसके अतिरिक्त वादी की पहचान अधिवक्ता श्री हरिहर मिश्रा के द्वारा की गई।

उक्त आवेदन पर वादी को सुना गया।

प्रकरण का अवलोकन किया गया।

प्रकरण के अवलोकन से दर्शित है कि वादी ने प्रतिवादीगण के विरुद्ध चिरस्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त करने के लिए दावा प्रस्तुत किया है जिसमें प्रतिवादीगण की उपस्थिति होना शेष है, और प्रकरण प्रतिवादीगण की उपस्थिति के प्रक्रम पर है । वादी के अनुसार वे वाद आगे नहीं चलाना चाहते है।

आवेदन के अवलोकन से दर्शित है कि वादी अपने वाद को आगे नहीं चलाना चाहते है और इसी स्तर पर समाप्त करना चाहता है।

अतः वादी का आवेदन स्वीकार कर वादी को हस्तगत वाद का प्रत्याहरण करने की अनुज्ञा दी जाती है।

वादी **द्वारा वाद प्रात्याहरण के कारण यह व्यवहार प्रकरण निरस्त किया जाता है।**

प्रकरण में वादी द्वारा वादपत्र की दो प्रति प्रस्तुत की गई है एवं दस्तावेजों की छायाप्रतियां प्रस्तुत की है।

अतः आदेशित किया जाता है कि वाद पत्र मूल प्रति व प्रस्तुत दस्तावेजों की छायाप्रति प्रकरण में संलग्न रहेंगी व वाद पत्र की द्वितिय प्रति वादी/उसके अधिवक्ता को प्रदान कर

पावती ली जावे।

वादी स्वंय का व्यय वहन करेगा। व्यय तालिका बनाई जावें।

प्रकरण का परिणाम विहित पंजी में दर्ज कर विहित अवधि में अभिलेखागार प्रेषित किया जावे।

| | |
|---|---|
| (श्री जितेन्द्र कुमार नामदेव )<br>सुलहकर्ता सदस्य<br>नेशनल लोक अदालत<br>खण्डपीठ क्रमांक–40 | (रजनीश ताम्रकार)<br>पीठासीन अधिकारी<br>नेशनल लोक अदालत<br>खण्डपीठ क्रमांक–40 एवं तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर जिला रीवा मध्यप्रदेश |

RAJNEESH TAMRAKAR

Digitally signed by RAJNEESH TAMRAKAR
Date: 2026.05.09 18:39:22 +0530